SNBP SECONDARY AND SENIOR SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE
Affiliation No. 1130703
ACADEMIC SESSION 2023-24
CLASS NOTES
LS- ९) लालची बंदर

Prepared by: दीपिका मेहरा **Class:४**
Subject:हिंदी

प्रश्न १) शब्द अर्थ एवं श्रुतलेख पाठ्यपुस्तक 'प्रतिभा' से लिखिए |

प्रश्न २) खाली जगह भरिए –

१) एक **समय** की बात बताऊँ |

2) फिर –फिर **कोशिश** करते –करते बहुत लग गई उसको देर |

३) लालच का फल **बुरा** होता है |

प्रश्न ३) दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

१) समय – वक्त
- हमें समय का सदुपयोग करना चाहिए |

2) लालची – लोभी
- व्यापारी बहुत लालची था |

३) कोशिश – प्रयत्न
- चींटी पेड़ पर चढ़ने की कोशिश करती रही |

प्रश्न ४) एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

१) सूने घर में क्या रखा हुआ था ?
उत्तर - सूने घर में एक घड़ा रखा हुआ था |

2) घड़ा किससे भरा पड़ा था ?
उत्तर - घड़ा भुने हुए कुरमुरे चनों से भरा पड़ा था |

३) घर के मालिक का नाम क्या है ?
उत्तर- घर के मालिक का नाम रामसुमेर है |

प्रश्न ५) दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए –

१) बंदर को सूने घर में क्या दिखाई दिया और उसने क्या किया ?

उत्तर) बंदर को सूने घर में कुरमुरे चनों से भरा घड़ा दिखाई दिया और उसने अपने दोनों हाथ डाल कर चना निकालने की कोशिश की |

प्रश्न ६) विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए –

१) बंदर इधर-उधर क्यों घूम रहा था और वह अपनी मुट्ठी घड़े से क्यों नहीं निकाल पा रहा था ?

उत्तर) बंदर इधर-उधर भोजन की तलाश में घूम रहा था और वह अपनी मुट्ठी घड़े से नहीं निकाल पा रहा था क्योंकि घड़े का मुँह छोटा था |

व्याकरण

प्रश्न ७) दिए गए वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाइए –

१) आह ! कितना सुहावना मौसम है !

२) नहीं, मैं नहीं चल सकता हूँ।

३) लड़के का पैर फिसल गया।